(ग) इस मशीनरी की प्रारम्भिक लागत और वर्तमान लागत कितनी है; और

(घ) क्या सरकार कोरबा उर्वरक संयंत्र के विभिन्न कार्य को पुनः शुरू करने का विचार रखती है?

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) से (घ) कोरबा स्थित फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया लि० (एफसीआई) की कोयले पर आधारित उर्वरक परियोजना 1974 में सरकार द्वारा मंजूर की गई थी। तथापि, फरवरी, 1990 में रामागुण्ड और तालचर स्थित एफसीआई के अन्य दो कोयले पर आधारित उर्वरक एककों के घटिया निष्पादन को देखते हुए इस परियोजना को अंततः बन्द करने का निर्णय लिया गया। इस परियोजना के लिए एफ सी आई द्वारा प्रदत्त मशीनरी/उपस्कर में से लगभग 12.17 करोड़ रुपए मूल्य का उपस्कर/मशीनरी अभी गैर इस्तेमाल के पड़ी हुई है। एफसीआई इनमें से कुछ को अपने अन्य संयंत्रों में इस्तेमाल और बाकियों का निपटान करने को उत्सुक है।

कोरबा परियोजना के पुनरुद्धार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

उर्वरक मूल्य नीति

321. **श्री अजीत जोगी** : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने त्रिपक्षीय उर्वरक मूल्य नीति की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो उसकी विस्तृत रूपरेखा क्या है;

(ग) क्या इस नीति के अन्तर्गत परियोजना में पूंजी निवेश पर 16 प्रतिशत तक का लाभांश अर्जित किए जाने की अनुमति दी गई है;

(घ) यदि हां, तो इन उर्वरक परियोजनाओं पर पहले कितने लाभांश दर की अनुमति दी गई; और

(ङ) क्या लाभांश दर बढ़ाते समय उपभोक्ताओं के हितों की उपेक्षा की गई है; और

(च) यदि नहीं, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) सरकार कोई त्रिपक्षीय उर्वरक मूल्य नीति घोषित नहीं करती है। तथापि, प्रतिधारण मूल्य-व-आर्थिक सहायता योजना के कार्यान्वयन के लिए नीति मानदण्डों की सरकार द्वारा सामान्यतः तीन वर्षों की मूल्य निर्धारण अवधि के लिए घोषणा की जाती है। छठी मूल्य निर्धारण अवधि जो 1-4-1991 से आरम्भ होनी थी, के लिए नीति मानदण्डों की घोषणा अभी नहीं की गई है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) से (च) प्रश्न नहीं उठता।

उर्वरक संयंत्रों के संबंध में औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड की रिपोर्ट

322. **श्री कनक सिंह मोहन सिंह मंगरोला**

श्री ईश दत्त यादव

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कई उर्वरक एककों को पुनः चालू करने हेतु औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को सिफारिश की है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड से प्राप्त हुई रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है?